राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

वरिष्ठ नागरिकों से उनके घर मिलने पहुँचे राज्यपाल श्री कलराज मिश्र

जयपुर, 18 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र बुधवार को सांय शहर के वरिष्ठ नागरिकों से मिलने उनके घर पहुँचे। राज्यपाल श्री मिश्र मालवीय नगर में निवास कर रहे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री हरीशंकर भाभडा के घर गये। उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

राज्यपाल श्री मिश्र पूर्व मंत्री श्री भंवर लाल शर्मा के जगतपुरा स्थित निवास पर भी पहुँचे। राज्यपाल ने श्री शर्मा के स्वास्थ्य के बारे में उनके परिजनों से जानकारी ली। राज्यपाल श्री मिश्र दोनों वरिष्ठ नागरिकों के निवास पर पन्द्रह–पन्द्रह मिनिट रूके। **फोटो – 1, 2**

राजभवन को आदर्श व प्रेरणा का केन्द्र बनायें

जयपुर, 18 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजभवन के अधिकारियों से कहा है कि निर्भिकता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। कार्यो में मर्यादा व शिष्टाचार का ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि राजस्थान के राजभवन को देश में आदर्श व प्रेरणा का उत्कृष्ट केन्द्र बनायें।

राज्यपाल श्री मिश्र ने बुधवार को राजभवन में अधिकारियों से विभिन्न अनुभागों के कार्यों की जानकारी ली। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन की गरीमा को बढ़ाने में सभी सहयोगी बने। सकारात्मक दृष्टिकोण से कार्य करें। उन्होंने कहा कि कार्यों की सफलता के लिए चिंतन और कार्य कुशलता का होना जरूरी है। बैठक में राज्यपाल के सचिव श्री देबाशीष पृष्टि सहित राजभवन के सभी अनुभागों के प्रभारी मौजूद थे। **फोटो – 3**

बाडा पदमपुरा में निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर

आशीर्वाद ताकत देता है, परोपकार के कार्य करें

– राज्यपाल

जयपुर, 18 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि परोपकार करना पुण्य का कार्य है। परोपकार से जो आशीर्वाद मिलता है, वह हमारे लिए ताकत होती है। उन्होंने कहा कि तन्मन्यता के साथ परोपकार करेंगे तो जीवन में सफलताएं मिलती जायेंगी।

राज्यपाल श्री मिश्र बुधवार को यहां बाडा पदमपुरा में पदम ज्योति नेत्र चिकित्सालय द्वारा आयोजित निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर को सम्बोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि हिंसा, घृणा मनुष्य में विकृति पैदा करती है। समाज से सामाजिक अभावों को समाप्त करना होगा। उन्होंने कहा कि किसी को पीड़ा न पहुंचावें। अंहिसा का भाव रखें ताकि समाज में सात्विक स्वरूप का निर्माण हो सके। समारोह को जयपुर शहर सांसद श्री रामचरण बोहरा और दौसा की सांसद श्रीमती जसकौर मीणा ने भी सम्बोधित किया। संयोजक श्री नरेश मेहता ने कार्यक्रम की जानकारी दी। राज्यपाल श्री मिश्र ने शिविर में आपरेशन करने वाले चिकित्सकों को ट्रस्ट की ओर से प्रमाण–पत्र प्रदान किये। **फोटो – 4,5 व 6**

पोस्टर की प्रति भेंट – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को श्याम भजन संध्या के 27वें वार्षिक उत्सव के पोस्टर की प्रति भेंट की गई। **फोटो – 7**

टी.वी.कलाकार श्री सुरेन्द्र पाल मिले – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से टी.वी. कलाकार श्री सुरेन्द्र पाल ने मुलाकात की। श्री पाल ने राज्यपाल श्री मिश्र को टी.वी. के विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में बताया। **फोटो – 8**

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल